# नर्मदा कलश स्थापना से आज होगा चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

**हरिभूमि, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक चेतना का भव्य संगम देखने को मिलेगा, जब मानस भवन जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2, 3 एवं 4 जनवरी को किया जाएगा। इसके शुभारंभ से पूर्व द्वितीय चरण के अंतर्गत 1 जनवरी 2026 को नर्मदा कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का मंगलारंभ होगा।

1 जनवरी को दोपहर 3 बजे मानस भवन सभागार में आयोजित इस विशेष समारोह में पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी,आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पंकज गौर, एडवोकेट रविरंजन सहित अनेक साधु-संतों के गरिमामय सान्निध्य में डॉ. सुधीर अग्रवाल एवं श्री विनोद दीवान द्वारा पावन नर्मदा कलश की स्थापना की जाएगी।

इसके पश्चात वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता हेतु शहर एवं ग्रामीण अंचलों में पंडित विनोद दुबे,राजेन्द्र नेमा एवं एम.के.ढिमोले के मार्गदर्शन में संपन्न कराए गए 25,000 सुंदरकांड पाठ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नयागांव महिला मंडल एवं नेमा मानस मंडल द्वारा सांय 3.30 से 5.30 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कलाकार डॉ. रेणु अरुण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा रामायण विषय पर लाइव पेंटिंग प्रस्तुत की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होगी।

कार्यक्रम के अगले क्रम में सुंदरकांड पाठ में सहभागिता करने वाली समस्त समितियों, मानस मंडलों एवं सहयोगी संस्थाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत पुणे से पधारी प्रियल नाज पांडे गटकर द्वारा गीत रामायण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं जबलपुर की बाल कलाकार ईरा दीक्षित द्वारा श्री राम चंद्र कृपालु भज मन पर कथक नृत्य,वनवासी चेतना आश्रम छात्रावास की बालिकाओं द्वारा राम भजन की प्रस्तुती,विंग्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शिव तांडव, शिव शक्ति नृत्य कला केंद्र जबलपुर द्वारा रमं राघवम् तथा त्रिविधा डांस एकेडमी की निलांगी कालांतरे द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों ने संस्कारधानी के समस्त रामभक्तों, कला प्रेमियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विराट आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना सम्मेलन 23 जनवरी 2026 को

**जबलपुर।** नगर निगम सीमा अंतर्गत दिनांक 23 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए अब दिनांक 05 जनवरी 2026 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो तो नगर निगम के योजना शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

## नव वर्ष पर आज जगह-जगह भंडारे के आयोजन



**सिहोरा।** नववर्ष के शुभारंभ पर आज जहां अनेक स्थानों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं तो वहीं सिद्ध पीठ स्थल माता देवालय खडरा,आदित्य पैलैस अस्पताल रोड़,बाबाशाला कटरा मोहल्ला सहित अनेक स्थानों पर विशाल भंडारे के आयोजन किए गए हैं। इसी तरह क्षेत्र के मंदिरों विष्णु बराह,कटाव धाम,सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़,नरसिंह मंदिर खितौला,भटिया,भरभरा आश्रम में भी भक्तों का तांता लगा रहेगा।हर व्यक्ति का उद्देश्य रहता है कि वह भगवान के दर्शन और आशीर्वाद से अपना नूतन वर्ष प्रारंभ करें।

# 1000 हनुमान चालीसा का पाठ गोरेश्वर धाम में आज से

## 1 से 10 जनवरी तक होगा भव्य आयोजन, आज सुबह 10:00 बजे निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

जबलपुर



गौरैया घाट गौर पुलिस चौकी के पास स्थित गोरेश्वर धाम श्री हनुमान मंदिर में कल गुरुवार 1-1- 2026/से 11 हजार हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस विशाल आयोजन के संबंध में संकल्प करता अमरजीत सिंह (बंटी भैया) ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर में यह आयोजन 1 जनवरी से लेकर 10 2026 जनवरी तकहोगा। आज इस आयोजन के प्रथम दिवस श्री हनुमान मंदिर गोरेश्वर धाम से विशाल शोभा यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा गौर के खैरमाई मंदिर , एकता मार्केट होते हुए वापस श्री हनुमान मंदिर मैं पहुंचेगी। इसके बाद श्री हनुमान जी महाराज एवं मंदिर में विराजित समस्त देवी देवताओं का विधिवत पूजन अर्चन पंडितों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। और फिर सभी भक्तों और ग्राम वासियों के द्वारा अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे। अमरजीत सिंह बंटी भैया ने बतलाया इस आयोजन का उद्देश्य यह है कि प्रभु श्री हनुमान जी महाराज की कृपा सभी पर बनी रहे और सभी स्वस्थ रहें और गांव शहर और देश संपन्नता की ओर बढ़ता रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कामिनी से ठाकुर, संजीत सिंह ठाकुर, विजय तिवारी, वीरेंद्रशुक्ला, एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों ने आवाहन किया है और शोभायात्रा में पहुंचने की सभी से अपील की है।

# ग्राम पंचायत शारदा नगर रिछाई में निरन्तर हो रहे विकास कार्य

**बरेला।** जनपद पंचायत जबलपुर के तहत ग्राम पंचायत शारदा नगर रिछाई (बरेला) में सरपंच पं आशीष शुक्ला जी के प्रयासों से ग्राम वासियों की समस्याओं को देखते हुए निरन्तर किए जा रहे ग्राम के विकास कार्य में सचिव सौरभ सुल्लेरे का सहयोग से रिछाई में यादव मोहल्ला वाली गली में 25 मीटर और वार्ड नंबर 10 कंचनपुर बस्ती में मीटर 92 मीटर और 45 मीटर की तीन गलियों में कंक्रीट सीमेंट सड़क कुल 162 मी रोड सीसी रोड का निर्माण किया गया इस कार्य पर वार्ड क्रमांक 10 के पंच रामप्यारी नोनीलाल ,तुलसी भाई, जगन कोठारिया, सत्तू मरावी ,सोहन सिंह गुड्डा, उपसरपंच गणेशी बाई ठाकुर , जगदीश मरावी आदि ग्रामीण जनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरपंच जी को धन्यवाद दिया है।

# मुख्यालय के दो अधिकारियों सहित पश्चिम मध्य रेलवे के 106 रेलकर्मी सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत दो अधिकारी एवं चार कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 106 रेलकर्मी बुधवार 31 दिसम्बर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 दिसम्बर 2025 को अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. डी. पाटीदार एवं मुख्य विद्युत अभियंता श्री विकास त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे दो अधिकारी एवं चार कर्मचारियों के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (ओ.स.) श्री संजय कुमार सहित सहायक कार्मिक अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह गौर और मुख्य कल्याण निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्यक्रम का संचालन सचिव प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री दिवाकर शुक्ला द्वारा सुचारु रूप से किया गया। बुधवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 2 अधिकारियों एवं 4 रेल कर्मचारियों सहित 6 रेलकर्मियों, जबलपुर मंडल में 1 अधिकारी एवं 24 कर्मचारियों सहित कुल 25 रेलकर्मियों, भोपाल मण्डल में 38 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 08 रेल कर्मचारियों, कोटा मण्डल में 1 अधिकारी एवं 24 कर्मचारियों सहित कुल 25 रेलकर्मियों, कोटा कारखाना में 1 अधिकारी एवं 4 कर्मचारियों सहित कुल 5 रेलकर्मियों सहित पमरे पर कुल 106 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी रेलकर्मियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाए दी गईं

# गंदे पानी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने महापौर, निगमायुक्त के निर्देश

**जबलपुर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण हुई दुखद घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम जबलपुर द्वारा भी जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल ही आपूर्ति करने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं तथा प्रतिदिन जलापूर्ति व्यवस्था पर निगरानी रखने तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये हैं।

### बड़े पैमाने पर सुधार कार्य शुरू

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश के बाद नगर निगम का जलकार्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर के सभी संभागों में पाइप लाइनों के सुधार का कार्य व्यापक स्तर' पर प्रारंभ कर दिया गया है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहाँ से गंदे पानी या पाइप लाइन लीकेज की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। महापौर



- निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति में लापरवाही न हो।

### सभी संभागों में वाटर सैंपलिंग

इंदौर की घटना को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग और जल विभाग की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न हिस्सों से पेयजल के सैंपल लेना शुरू कर दिया है। सभी ओवरहेड टैंक और अंतिम छोर के घरों से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं। जहाँ भी पानी के दूषित होने की आशंका है, वहाँ तत्काल सप्लाई रोककर नई पाइप लाइन डालने या मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल विभाग की टीमें 24 घंटे अलर्ट मोड पर हैं ताकि जनसामान्य को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### महापौर - निगमायुक्त का संदेश

"आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जल विभाग की टीमें हर क्षेत्र में सक्रिय हैं। नागरिकों से भी अपील है कि यदि कहीं लीकेज या गंदे पानी की समस्या दिखे, तो तुरंत निगम के हेल्पलाइन पर सूचित करें ताकि समय रहते सुधार किया जा सके।"

# तरूण और यश के ऑलराउंड प्रदर्शन से वॉरियर्स एवं स्ट्राइकर्स ने हासिल की जीत



**जबलपुर।** एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत ''ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025-26'' के छटवे दिन वॉरियर्स के तरूण विजयकर और स्ट्राइकर्स के यश ने आलराउंड प्रदर्शन करते हुये अपनी-अपनी टीमों को आसान विजय दिलायी। पुरूष वर्ग के मुकाबले में स्ट्राइकर्स ने सुपर किंग्स पर 07 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। पहले खेलते हुये अमनदीप के 33 रन और यश के 18 रन की मदद से स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 07 विकट खोकर 105 रन बनाये। मयंक पजवानी ने 03 और प्रवीण ने 02 विकेट हासिल किये। जबाव में मयंक पंजवानी के तूफानी 45 रन और वीरेन्द्र सेन के ठोस 24 रन भी अपनी टीम को विजय नही दिला सके। सुपर किंग्स निर्धारित 12 ओवर में 06 विकेट पर 98 रन ही बना सके। ''मैन ऑफ द मैच'' यश ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल दिखाते हुये 02 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किये। आज के दूसरे मैच में वारियर्स ने तरूण विजयकर के हरफनमौला प्रदर्शन से रेंजर्स पर 06 विकेट की आसान जीत हासिल की। पहले खेलते हुये रेंजर्स निर्धारित ओवरों में 78 रन बनाकर आउट हो गई। राहुल ने 18 व तपन ने 12 रन बनाये। तरूण विजयकर और प्रतीक ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुये 02-02 विकेट हासिल किये। जबाव में वारियर्स ने कप्तान इकबाल खान के 35 रन और ''मैन ऑफ द मैच'' तरूण विजयकर के दर्शनीय 27 रन के मदद से 10वे ओवर में भी जीत के लिये निर्धारित 04 विकेट खोकर बना लिये। राहुल ने 02 विकेट हासिल किये।

# नामांतरण प्रकरण दबाने के आरोप निराधारः तहसील कार्यालय

**पनागर।**"नामांतरण प्रकरण दबाने का आरोप" के संबंध में तहसील कार्यालय पनागर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समाचार में लगाए गए सभी आरोप पूर्णतः निराधार, भ्रामक एवं तथ्यों से परे हैं तहसील कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित नामांतरण प्रकरण आज दिनांक तक नायब तहसीलदार पनागर न्यायालय में प्राप्त ही नहीं हुआ है। बताया गया कि अधिवक्ता मधुसूदन कर्मी द्वारा आवेदक लक्ष्मीबाई के नाम से एक प्रकरण लोक सेवा केंद्र, पनागर में दर्ज कराया गया था, जिसे लोक सेवा केंद्र के कर्मचारियों द्वारा त्रुटिवश तहसीलदार न्यायालय में जमा कर दिया गया। कार्यालय ने स्पष्ट किया कि नायब तहसीलदार न्यायालय में उक्त प्रकरण की कोई प्राप्ति दर्ज नहीं है। साथ ही प्रकरण के मूल दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण उसका निराकरण किया जाना संभव नहीं था। इस संबंध में न्यायालयीन स्टाफ द्वारा अधिवक्ता को समय रहते स्थिति से अवगत भी कराया गया था। इसके बावजूद अधिवक्ता द्वारा न्यायालय एवं प्रशासन की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से निराधार आरोप लगाए गए, जिन्हें तहसील कार्यालय ने पूरी तरह असत्य बताया है। तहसील कार्यालय के कर्मचारियों एवं बाबुओं ने एक स्वर में इन आरोपों का सशक्त खंडन किया है कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित समाचार में प्रकाशित आरोपों से न तो प्रशासन और न ही न्यायालय का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध है।

# तिवारी ने आत्मदाह की घोषणा को किया स्थागित, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**सिहोरा।** सिहोरा जिला को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही वादा खिलाफी से व्यथित होकर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राजकुमार तिवारी द्वारा 01 जनवरी को आत्मदाह की घोषणा से हरकत में आये प्रशासन ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार तिवारी से मुलाकात कर प्रदेश सरकार के मुखिया की मंशा से अवगत कराते हुए फिलहाल आत्मदाह के निर्णय को निरस्त करने सहमत कर लिया है जिससे अब प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। विदित हो एक अक्टुबर 2003 में सिहोरा जिला गठन हेतु पारित प्रस्ताव को न तो निरस्त किया और



न ही जिले का गठन किया है जिसके चलते एड.राजकुमार तिवारी ने 31दिसम्बर जिला न बनने पर 1 जनवरी को आत्मदाह की घोषणा की थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर सिहोरा तहसीलदार रुपेश्वरी कुंजाम, सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह सहित तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविदीप सिंह,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटैल,राजा मोर,श्याम शुक्ला,अशोक खरे,के के कुररिया,एड ओमप्रकाश तिवारी,एड अभय ब्यौहार,विभोर जयसवाल, ललित दुबे अन्य गणमान्य नागरिकों के अनुरोध पर तिवारी ने आत्मदाह का निर्णय को फिलहाल वापस ले लिया है।

# नागौद ने अपना पहला लीग मैच जीत क्वार्टर फाइनल की टिकट की पक्की

**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 प्रतियोगिता का तीसरा लीग मैच नागौद और जमशेदपुर के बीच खेला गया जिसमें नागौद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 188 रन बनाए जिसमें आकर्ष सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 73 रन 11 चौके और 3 गगन चुम्भी छक्कों की मदद से और निचले क्रम में अनुराग चौबे ने 35 रनो का महत्वपूर्ण योगदान दिया । जवाबी पारी खेलने उतरी जमशेदपुर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई और लगातार अंतराल में विकेट गिरने से मैच देखते ही देखते जमशेदपुर के हाथों से निकल गया । मध्यक्रम में योगेश ने कुछ शानदार शॉट लगाए पर वो भी चलते बने और पूरी की पूरी टीम 18 ओवर में 134 रनो पर ऑल आउट हो गई । आकर्ष सिंह की इस शानदार पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया । आज के मैच में मुख्य अतिथियों के रूप में सुनील जैन राजेंद्र चौरसिया गिरीश पालीवाल , रजनीश कुररिया शकील भाईजान , महेंद्र कोस्टा सुनील सोनकर (गामा) देवेंद्र दहिया विजय नेता गुड्डू जैन उपस्थित रहे । प्रतियोगिता का छोटा लीग मैच सिवनी मालवा और प्रयागराज के बीच कल दिनांक 01 /01/2026 दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

# पनागर की बड़ी खेरमाई मंदिर में आज शाम 7 बजे होगी भव्य महाआरती

**पनागर।** नगर के आस्था केंद्र बड़ी खेरमाई मंदिर में आरती समिति द्वारा प्रतिदिन आरती के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती एवं भोग-भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम दिनांक 1 जनवरी 2026 को रात्रि 7:00 बजे से संपन्न होगा। आरती समिति पनागर ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर माता रानी की महाआरती में सम्मिलित हों और पुण्य लाभ अर्जित करें। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.बी. अग्रवाल हुए सेवानिवृत्त, कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने दी विदाई



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर स्थित कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. सुरेश बाबू अग्रवाल 40 वर्ष की दीर्घकालीन सेवा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। डॉ. एस.बी.अग्रवाल को विभाग के वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों द्वारा साल, श्रीफल, रोली का टीका एवं गुलदस्ता और फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। डॉ. अग्रवाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में वानिकी विभाग द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, उपलेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेयी उपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अग्रवाल अपनी विश्वविद्यालयीन सेवा के दौरान विभिन्न दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया है, आपने किसानों, विद्यार्थियों एवं अपने सहयोगी वैज्ञानिकों के साथ बड़ी सहजता एवं धैर्य से कार्य किया है। जिसके कारण आज आपकी सेवानिवृत्ति पर विश्वविद्यालय को आपकी कमी हमेशा रहेगी। आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हैं।

डॉ. एस.बी.अग्रवाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. राहुल सिंह डोंगरे, डॉ. सोमनाथ सर्वेदे, डॉ. राजेन्द्र सिंह डोंगरे, डॉ. विष्णु सोलंकी, डॉ. मनोज पाठक सहित कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल-** स्टेट बैंक कॉलोनी वासु डेयरी के पास निवासी श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री देवराज सेठी-** कटंगा नर्मदा रोड निवासी श्री देवराज सेठी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार तिवारी-** एकता नगर फेस 1, एमआर फोर विजय नगर निवासी श्री संतोष कुमार तिवारी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लखन राव-** सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रमेश राव के पुत्र श्री लखन राव (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल अग्रवाल-** सुहागी मेन रोड निवासी श्री बाबू लाल अग्रवाल (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती धन्ना चौधरी-** साईं कॉलोनी दीनदयाल चौक के निकट निवासी श्री हल्केराम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती धन्ना चौधरी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी नारायण मिश्रा-** कांति विला कजरवारा रोड निवासी श्री लक्ष्मी नारायण मिश्रा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संतोष कुमार बेन-** भोले कुटि के पास शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री संतोष कुमार बेन (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री अनूप कुमार पटेल-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री अनूप कुमार पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अनुराग मेहता-** पुष्पकुंज कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री अनुराग मेहता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंपा बाई अहिरवार-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री ज्ञान सिंह अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा बाई अहिरवार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई पासी-** वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री राम कुमार पासी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई पासी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता पंड्या-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रमाकांत पंड्या की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पंड्या (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कोम बाई झारिया-** छापर रामपुर निवासी श्री भूरा झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती कोम बाई झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव-** सुहागी महाराजपुर रोड निवासी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुखिया बाई गौर-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री टूटिया प्रसाद गौर की धर्मपत्नी श्रीमती सुखिया बाई गौर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री झिंगे लाल सोनी-** राजा सागर मार्ग कोतवाली निवासी श्री झिंगे लाल सोनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रेखा देवी-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री मगन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा देवी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीएल बेन-** जय भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री सीएल बेन (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हेमराज पटेल-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री हेमराज पटेल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाल्मीक कुशवाहा-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री बाल्मीक कुशवाहा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शीतल प्रसाद पांडे-** टगर कठौंदा निवासी श्री शीतल प्रसाद पांडे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजीत सैनी-** पंजाब बैंक कॉलोनी दमोहनाका निवासी श्री रंजीत सैनी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रा कुमारी उपाध्याय-** संजीवनी नगर गढ़ा निवसाी श्री सुरेश उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा कुमारी उपाध्याय (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **SAYEEDA BANO SYED** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS **SAYEEDA BANO** W/O SYED AZHAR AMHED RESIDENT OF 1174, JYOTI NAGAR, GARHA WARD NO. 6, INDIRA GANDHI JABALPUR (M. P.) 482003.
79AA 150788

**नाम सुधार सूचना**


मैं संजीव कुमार जैन पिता श्री विजय कुमार जैन निवासी -577/ए, शंकर घी भंडार के पास, गढा फाटक, जवाहरगंज वार्ड, जिला जबलपुर, म.प्र 482002 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरे पासपोर्ट N2008936 मे मेरा नाम (SANJEEV JAIN) दर्ज है जो कि मेरा अपूर्ण नाम है। मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम (SANJEEV KUMAR JAIN) दर्ज है जो कि मेरा सत्य व सही नाम है। मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम (SANJEEV JAIN) कि जगह (SANJEEV KUMAR JAIN) दर्ज करवाना चाहता हूँ जो कि मेरा पूर्ण एवं सत्य व सही नाम है। एवं भविष्य मे सभी सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजो मे मेरा सत्य व सही नाम (SANJEEV KUMAR JAIN) से मुझे जाना पहचाना व माना जावे । अतः उक्त जानकारी देने वास्ते यह शपथपत्र प्रस्तुत है।
BV 249444 शपथकर्ता

## ट्रस्ट मामले में हाईकोर्ट का फैसला

# सरकार निजी जमीन पर रिसीवर नहीं बैठा सकती

हरिभूमि जबलपुर।

म.प्र. उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि निजी जमीन पर बने ट्रस्ट पर सरकार रिसीवर की नियुक्ति नहीं कर सकती, ऐसा करना पूरी तरह अवैधानिक है। इस मत के साथ संयुक्तपीठ ने कलेक्टर नर्मदापुरम को छह माह के भीतर याचिकाकर्ता के आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि आवेदन के निराकरण तक अपीलार्थी यंगेश्वर दास ट्रस्ट के प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहेंगे और कलेक्टर का निर्णय आने तक ट्रस्ट की जमीन खुर्दबुर्द नहीं की जाएगी तथा ट्रस्ट की आय का उचित रिकार्ड रखा जाएगा। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकता नर्मदापुरम निवासी यंगेश्वर दास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर, अधिवक्ता सिद्धांत जैन व भूपेश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 1955 में श्री देव राम जानकी मंदिर (बड़िया वाला), पिपरिया ट्रस्ट की स्थापना मूल रूप से गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की गई थी। ट्रस्ट की स्थापना बिना किसी सरकारी अनुदान या



सार्वजनिक सहायता के की गई थी। ट्रस्ट की स्थापना महंत गोपाल दास ने की थी। स्व. सुखराम दास, गुरु गोपाल दास के शिष्य होने के नाते, यंगेश्वर दास को महंत बनाया गया था। अपीलार्थी स्व. सुखराम दास के शिष्य हैं, जिन्होंने दो अगस्त 2006 को एक पंजीकृत वसीयत निष्पादित की थी, जिसमें अपीलकर्ता को अपना उत्तराधिकारी और ट्रस्ट का सरवराहकार नियुक्त किया गया था। उक्त वसीयत के आधार पर अपीलकर्ता का नाम 2008 में सर्वहाकार के रूप में दर्ज किया गया था और वह तब से ट्रस्ट के मामलों और संपत्तियों का प्रबंधन कर रहे हैं। न्यायालय को अवगत कराया गया कि एक किराएदार ने इसे चुनौती देते हुए एसडीओ के समक्ष आवेदन दिया।जिस पर एसडीओ ने तहसीलदार को ट्रस्ट का रिसीवर नियुक्त कर दिया। गुरू-शिष्य परंपरा के तहत अपीलार्थी ट्रस्ट का प्रबंधन ठीक से और पारदर्शी रूप से देख रहा है। सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा कि पब्लिक ट्रस्ट की धारा-9 और 26 के तहत आवेदन पब्लिक ट्रस्ट रजिस्ट्रार के समक्ष लंबित हैं, इसलिए मामले की जांच किए बिना रिसीवर नियुक्त नहीं किया जा सकता है, ऐसी स्थिति में रिसीवर की नियुक्ति का आदेश कानूनी रूप से गलत है।

## शराब के लिए रुपए न मिलने पर पाईप से किया हमला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत जागृतिनगर पुरानी कलारी के पास अधारताल में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर पाईप से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा गोहलपुर निवासी 35 वर्षीय गोविंद प्रसाद गुप्ता गत रात लगभग 8.30 बजे अपने दोस्त लकी विश्वकर्मा के साथ जागृतिनगर पुरानी कलारी के पास अधारताल में खड़े होकर बात कर रहा था, उसी समय विक्की पटैल तथा अंकित उर्फ अक्की केवट आए और दलाली के पैसे बहुत कमा रहे हो कहते हुए शराब पीने के लिये पैसे की मांग करने लगे, मना करने पर गाली गलौज व मारपीट कर दी और विक्की पटेल ने पाईप से सिर, कंधे पर हमलाकर चोटे पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




तोप बनाएगी जबलपुर की गन कैरिज फैक्टरी

## अब धनुष का नया वर्जन 52 कैलिबर माउंटेन गन

**जबलपुर।** रक्षा क्षेत्र में तोप का निर्माण करने वाली जीसीएफ जबलपुर अब नए वर्ष में सेना कें लिए अत्याधुनिक धनुष तोप 52 कैलिबर में माउंटेन गन का निर्माण करेगी। इस तोप के उत्पादन के साथ धनुष की मारक क्षमता तीन से पांच किलोमीटर तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जीसीएफ 45 कैलिबर में धनुष तोप का उत्पादन हो रहा है जिसकी मारक क्षमता 40 से 42 किलोमीटर है।



तोप निर्माणी अब धनुष तोप के नए वर्जन के निर्माण में तेजी लाने जा रही है और ट्रायल के बाद 300 गन बनाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी के बाद प्रतिस्पर्धा में टिके रहने निर्माणी नए प्रोजेक्ट पर तेजी लाने जा रही है। इससे पूर्व जीसीएफ में बनी धनुष तोप को पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात किया गया है। धनुष के नए वर्जन में 52 कैलिबर की बैरल लगने के बाद आसानी से 42 किलोमीटर तक हमला किया जा सकता है। अब नई तोप 52 कैलिबर में माउंटेन गन के रूप में कार्य करेगी जिससे इसकी मारक क्षमता में 5 किलोमीटर तक इजाफा हो जाएगा। यह माउंटेन गन व्हीकल के ऊपर लोड होगी जबकि पूर्व की तोप जमीन के ऊपर 360 डिग्री में घूमकर वार करती थी। माउंटेन गन व्हीकल का उत्पादन नगर के ही वीएफजे कर सकता है। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन ने माउंटेड गन सिस्टम तैयार किया है। यह सिर्फ 80 सेकंड में फायरिंग के लिए तैयार हो जाती है। एक मिनट में यह छह गोले दाग सकती है। निर्माणी के इस बेहतरीन प्रयास से सेना की ताकत में और इजाफा होगा और दुश्मन पर अधिक सटीक वार करने में सफलता मिल सकेगी। निर्माणी सूत्रों के मुताबिक जीसीएफ इस साल 1600 करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन पर तेजी से कार्य कर रही है जिसमें धनुष तोप के नए वर्जन सहित एलएफजी, प्रमुख गन के कलपुर्जे शामिल हैं। गौरतलब हो कि धनुष तोप जो कि बोफोर्स गन का उन्नत और स्वदेशी वर्जन है। जिसे जबलपुर स्थित जीसीएफ में तैयार किया जा रहा है और यह पूरी तरह 'मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसकी मारक क्षमता भी ज्यादा है और यह हाई-एंगल फायरिंग, इनबिल्ट नेविगेशन सिस्टम, इलेक्ट्रानिक गन अलाइनमेंट और आटोमैटिक फायर कंट्रोल जैसे अत्याधुनिक फीचर्स से लैस है।

एसबीसी ने मृत्युदावा, चिकित्सीय राशि सहित अन्य कार्यों में रचा इतिहास

## सालभर में साढ़े बारह हजार से अधिक नये अधिवक्ता नामांकित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 में मृत्युदावा प्रकरण, चिकित्सकीय प्रकरण, एडब्लयूएफ (बीसीआई) मुख्यमंत्री चिकित्सकीय राशि, नामांकन एवं नवीन अधिवक्तागणें को बारह हजार रुपये की राशि की जीरो पेंडेंसी करते हुये इस वर्ष 12579 अधिवक्तागणों का नामांकन कर नया रचा इतिहास रचा।

एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में तीन-तीन महिने तक भुगतान नहीं होता था, जो कि वर्तमान में हफते भर में संपन्न हो रहा है। इसके मद्देनजर मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में 19 दिसंबर 2025 तक 330 मृत्युदावा प्रकरणों का निराकरण करते हुये उनके संबंधित परिवारजनों के खातें में कुल आठ करोड़ 25 लाख रूपये, एडब्लयूएफ (बीसीआई), चिकित्सकीय प्रकरण कुल 147 प्रकरणों में कुल उन्नीस लाख निन्यानवे हजार पाँच सौ रूपये, मुख्यमंत्री चिकित्सकीय राशि के कुल 77 प्रकरणों का कुल बहत्तर लाख छियानवे हजार रूपये एवं जवीन अधिवक्तागणों को बारह हजार रुपये की मिलने वाली राशि में 824 प्रकरण का कुल राशि अन्ठानवे हजार अठासी हजार रूपये, अधिवक्तागणों के खातों में हस्तांतरित किये गये। जो कि एक रिकॉर्ड है। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में इस वर्ष अधिवक्ता नामांकन प्रकरणों का निराकरण करते हुये लगभग 12579 अधिवक्ता नामांकन किये गये है जो कि अभी तक का रिकॉर्ड है। श्री सैनी ने बताया कि भविष्य में भी किसी भी अधिवक्ता को कोई परेशानी ना हो इसलिये सभी प्रकरणों के निराकरण जल्द से जल्द किये जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अधिवक्तागणों के हितार्थ सभी कार्यों में परिषद के सदस्यगणों का सहयोग रहा। इसके साथ ही कार्यकारी सचिव नीलेश जैन, पूर्व कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रणय खरे, राहुल तिवारी, मयूर मिश्रा, अंकित सेन, यश ठाकुर, सागर शर्मा आदि का सहयोग रहा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240